-प्रेस नोट-

दिनांकः 27.10.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 01 नशा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से कुल 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में दृष्टिगत अपराध नियंत्रण हेतु नशीले/मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो की गिरफ्तारी व रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिहं के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त **मोहर्रम पुत्र अनवर अहमद निवासी 62 फूटा निकट जनता पेलेस गली नंबर 12 थाना मण्डी सहारनपुर** को और गाड़ो के चौक से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर पर मु0अ0सं0 426/24 धारा 60(1) आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया कि अपने खर्चो को पूरा करने के लिये मै अक्सर हरियाणा से आने जाने वालो से कभी अग्रेजीं और कभी देशी शराब लाकर चलते फिरते राहगीरो के बेचकर थोडा बहुत मुनाफा कमा लेते हूँ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

मोहर्रम पुत्र अनवर अहमद निवासी 62 फूटा निकट जनता पेलेस गली नंबर 12 थाना मण्डी सहारनपुर

### बरामदगी का विवरण –

- 10 लीटर कच्ची अवैध शराब

### गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 198/2023 धारा 380,411 भा0द0वि0 थाना कुतुबशेर सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 206/2023 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना कुतुबशेर सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 ललित तोमर थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0 का0 609 विपिन राठी , थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
3. का0 2199 विष्णु चौधरी थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर

दिनांकः 27.10.2024

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर, पुलिस द्वारा नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 29/08/24 को वादी द्वारा थाना कोतवाली नगर पर कफिल पुत्र शाहीद उर्फ दन्ची निवासी मौहल्ला शाहमदार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर के विरुद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध मे लिखित तहरीर तहरीर दी गयी थी। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मु0अ0स0 217/24 धारा 137(2) बीएनएस बनाम कफिल उपरोक्त पंजीकृत किया गया था तथा उच्च-अधिकारीगण को अवगत कराया गया। विवेचना के दौरान नाबालिग युवती को बरामद किया गया विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 87/64(2)(ड) बीएनएस व 5(ठ)/6 पाक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश दिये गये ।आदेश के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.10.24 को मुकदमा उपरोक्त मे नामजद **अभियुक्त कफिल पुत्र शाहीद उर्फ दन्ची निवासी मौहल्ला शाहमदार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर** को लिंक रोड पर को–ओपरेटिव बैंक के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

कफिल पुत्र शाहीद उर्फ दन्ची निवासी मौहल्ला शाहमदार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री अनुज फोगाट थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।
2. कां0 1065 अनुज थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।
3. म0कां0 828 पूजा निश्चल थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।

दिनांकः 27.10.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव पुलिस द्वारा चोरी का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 बैट्ररा व 950/- रूपये बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 04.07.2024 को वादी प्रशान्त कुमार पुत्र ब्रजपाल शर्मा निवासी ग्राम रतनहेडी थाना बडगांव जिला सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक किता लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरों द्वारा वादी की पत्थर/टाईल्स की दुकान का शटर तोडकर टोंटी, डीवीआर आदि सामान चोरी कर लिए जाने के सम्बन्ध मे थाना बडगांव पर मु0अ0सं0 136/24 धारा 331(4)/305(a)/324(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। तथा दिनांक 19.10.2024 को अज्ञात चोरो के द्वारा ग्राम खुदाबक्शपुर में ऋषिपाल के घेर से इन्टर्वटर , हिच, लोहे की फट्टी इत्यादि का सामान चोरी कर लिया गया जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर थाना बडगांव पर मु0अ0सं0 239/24 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया एवं वादी अनुज शर्मा पुत्र नन्द किशोर शर्मा निवासी पंजाब काम्पलैक्स कस्बा व थाना बडगांव जिला सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक किता लिखित तहरीर बाबत दिनांक 23/24.10.24 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा वादी के वर्णिका मेडिकल ऐजेन्सी तथा संजय क्लिनिक से इन्वर्टर बैटरे इत्यादि सामान चोरी किये जाने के सम्बन्ध में थाना बडगांव पर दिनांक 24.10.2024 को मु0अ0सं0 238/24 धारा 305(a) बीएनएस पंजीकृत किया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा उपरोक्त का संज्ञान लेकर चोरी की घटनाओं के अनावरण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष बडगाँव श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.10.2024 उपरोक्त मुकदमें में वांछित अभियुक्त **जोनी पुत्र यशपाल निवासी ग्राम खुदाबख्श्पुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर** को नहर पुल से 10 कदम की दूरी पर नया गांव की तरफ से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से चोरी का 01 बैटरा व 950/- रूपये बरामद। (उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1- राजू पुत्र नन्दपाल 2- रविन्द्र पुत्र महाराम निवासीगण ग्राम खुदाबख्शपुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर को पुलिस द्वारा दिनांक 25.10.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है) गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त  का नाम व पताः-**

जोनी पुत्र यशपाल निवासी ग्राम खुदाबख्शपुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर

**अभियुक्त जोनी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1- मु0अ0सं0 28/22 धारा 398/401 भादवि थाना बडगांव जिला सहारनपुर
2- मु0अ0सं0 29/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बडगांव जिला सहारनपुर
3- मु0अ0सं0 136/24 धारा 331(4)/305(ए)/324(2) बीएनएस थाना बडगांव जिला सहारनपुर
4- मु0अ0सं0 238/24 धारा 305(ए) बीएनएस थाना बडगांव जिला सहारनपुर
5- मु0अ0सं0 239/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना बडगांव जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः**

- बैटरा 01 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 239/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना बडगांव जिला स0पुर)
- 950/- रुपये

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः-**

1- उ0नि0 श्री आलोक कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
2- उ0नि0 श्री शिव कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

दिनांक - 27.10.2024

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा मारपीट के 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 27.10.24 को वादी बिजेन्द्र सिह पुत्र बिल्लू निवासी ग्राम कुशावली थाना सरधना जनपद मेरठ ने थाना उपस्थित आकर एक किता लिखित तहरीर बाबत चार व्यक्तियों द्वारा अपने साथी राहुल के साथ लाठी-डण्डो से मार-पीट करने व जान से मारने धमकी देने सम्बन्ध मे दिया गया था। तहरीर के आधार पर थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 278/24 धारा 115(2)/110/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना जनकपुरी श्री सतेन्द्र नागर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 27.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के 02 **अभियुक्तगण 1. योगेश पुत्र सुखवीर निवासी गन्देवडा थाना फतेहपुर सहारनपुर, 2. तुषार यादव पुत्र संदीप यादव निवासी माण्डेबांस थाना गागलहेडी सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:-

1. योगेश पुत्र सुखवीर निवासी गन्देवडा थाना फतेहपुर सहारनपुर
2. तुषार यादव पुत्र संदीप यादव निवासी माण्डेबांस थाना गागलहेडी सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. म0उ0नि0 प्रीती, थाना जनकपुरी, सहारनपुर
2. है0का0 731 पोपीन, थाना जनकपुरी, सहारनपुर
3. है0का0 574 अश्वनी, थाना जनकपुरी, सहारनपुर
4. है0का0 218 अय्यूब, थाना जनकपुरी सहारनपुर

दिनांकः 27.10.2024

-प्रेस नोट-

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश**

## पुलिस अधीक्षक नगर, सहारनपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर में आगन्तुक कक्ष, महिला हैल्पडैस्क, विवेचना कक्ष, बैरक, मैस व जामा मस्जिद चैक पोस्ट के नवीन भवन का उदघाटन किया गया

अवगत कराना है कि आज दिनांक 27/10/2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम/द्वितीय की उपस्थिति में थाना कोतवाली नगर परिसर में आगन्तुक कक्ष, महिला हैल्प डैस्क, विवेचना कक्ष, बैरक व मैस के आधुनिकीकरण का तथा चौकी क्षेत्र सराय के अन्तर्गत जामा मस्जिद चैक पोस्ट के नवीन भवन का भी उदघाटन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक नगर की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर पर थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ-साथ मिशन शक्ति से जुडी महिलाऐं एवं एक दिन के लिए थाना कोतवाली नगर की प्रभारी नियुक्त की गयी छात्रा व थाना क्षेत्र के चौकीदारों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व थाना कोतवाली नगर की प्रभारी नियुक्त की गयी छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों/समाज सेवी/धर्मगुरुओं/व्यापारियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा साथ ही सभी चौकीदारों को शॉल, सीटी, टार्च आदि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मिशन शक्ति से जुडी महिलाऐं सिम्पल मखानी (प्रधानाध्यापिका NPS स्कूल), प्रियंका सबलोक (अध्यापिका NPS स्कूल), श्रेया कपिल (अध्यापिका NPS स्कूल), अलीशा (अध्यापिका एथेनिया स्कूल),सरगम गांधी (प्रधानाध्यापिक पीच ग्रोवर स्कूल), अंजलि शर्मा (उप-प्रधानाध्यापिक पीच ग्रोवर स्कूल), श्रृष्टि सिंह (छात्रा) (एक दिन की प्रभारी निरीक्षक को0नगर),गीता रासवन्त, इशिका, खुशबू मनचन्दा व आयशा आदि मौजूद रही।